पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/24-26 प्रकाशित 16.01.2026 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

## दानदाताओं से अपील

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु **खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया,** घन्टाघर, दिल्ली– 110007, **आई. एफ. एस. कोड** SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. **9810117464** पर एस.एम.एस कर दें या **9868051444** पर googlepay कर दें।

–अनिल आर्य

वर्ष-42 अंक-16 माघ-2082 दयानन्दाब्द 201 16 जनवरी से 31 जनवरी 2026 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 16.01.2026, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस एवम् पुस्तक विमोचन






प्रथम चित्र – स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस समारोह राम लीला मैदान नई दिल्ली में अनिल आर्य पिंकी आर्य,चंद्र मोहन कपूर, विजय कपूर आदि। द्वितीय चित्र पुस्तक विमोचन–आर्य समाज सेक्टर 33 नोएडा के वार्षिकोत्सव पर पुस्तक विमोचन करते अनिल आर्य, अजय आर्य कैप्टन अशोक गुलाटी क्त, जयेन्द्र आचार्य आदि।

## शिक्षाविद माखनलाल बखासी का किया अभिनन्दन

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आज आर्य समाज डॉ. मुखर्जी नगर दिल्ली में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सेवाओं के लिए विश्व भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 27 नोएडा के चेयरमैन माखनलाल बखासी 88 वर्षीय का अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से विस्थापित सभी हिन्दू अब दिल्ली एवं देश के विभिन्न स्थानों पर स्थापित हो चुके हैं अब कोई कश्मीर कोई वापिस नहीं जाना चाहता सभी शिक्षित लोग हैं अब कश्मीर का वातावरण रहने योग्य नहीं है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कश्मीर से विस्थापित हिन्दू मेहनती लोग हैं जिन्होंने विस्थापित होकर दुबारा अपने जीवन को स्थापित कर लिया है और मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन ओम सपरा (प्रधान उत्तरी दिल्ली वेद प्रचार मंडल) ने किया। आस्था आर्य ने भजन सुनाए। प्रमुख रूप से प्रतिभा सपरा, पिंकी आर्या, गोपाल आर्य, जवाहर लाल कामरा आदि उपस्थित थे।



## श्री गोपाल आर्य का अभिनन्दन



परिषद के प्रथम शिविर 1979 हंसराज माडल स्कूल पंजाबी बाग दिल्ली के शिवराथीं श्री गोपाल आर्यन (महामंत्री उत्तरी दिल्ली वेद प्रचार मंडल) का अभिनंदन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य आर्य समाज डेरावाल नगर दिल्ली का दृश्य।

**जहां होता है भरपूर काम और प्रभु का गुणगान**
**आर्य युवक परिषद् है उसका नाम**

## आर्यो उदयपुर चलो

प्रिय आर्य जनों आपको जानकर हर्ष होगा कि **दिनांक 22, 23 फरवरी 2026** को **नवलखा महल ( जहां स्वामी दयानन्द जी ने सत्यार्थ प्रकाश लिखा)** में सत्यार्थ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है एवं एक स्मारक का उद्घाटन भी होगा।

मेरी हार्दिक इच्छा है कि मेरे साथ आप भी इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर समारोह की शोभा बढ़ाए। हमारा विचार 21 को दिल्ली से शाम 4.00 बजे की ट्रेन जाने का है जो सुबह 7.30 बजे उदयपुर पहुचगे और 24 को घूमने का कार्यक्रम रहेगा।

**निम्नलिखित रेल का किराया और समय है** (1.) राजस्थान हमसफ़र एक्सप्रेस (22986) सराय रोहिल्ला से सायं 4.15 उदयपुर प्रातः 7. 25 पर (2) मेवाड़ सुपर फास्ट एक्सप्रेस (12964) हजरत निजामुद्दीन सायं 6. 25 उदयपुर प्रातः 7.25 पर (3) चेतक एक्सप्रेस (20473) दिल्ली छावनी सायं 7.57 उदयपुर प्रातः 7.48 पर। किराया Sleeper- 500, AC III Tier 1100/–, AC II Tier 1600/–। आवास व्यवस्था निशुल्क भी है और Payment से भी है अपनी सुविधानुसार विकल्प चुने सम्पर्क सूत्र आचार्य महेन्द्र भाई जी, मो. 9013137070, **– अनिल आर्य, 9810117464**


RIG VEDA
INVITATION
YAJUR VEDA
KENDRIYA ARYA YUVAK PARISHAD, NEW DELHI (INDIA)
(Regd)
(ESTD. 3 JUNE 1978)
ON THE OCCASION OF 47th ANNUAL FUNCTION
Dr. Ashok K. Chauhan
Anil Arya
KAYP DELEGATION WITH HON. PRESIDENT OF INDIA SMT. DRAUPADI MURMU JI
INVITES YOU TO JOIN FOR
INTERNATIONAL ARYA MAHA-WEBINAR
DATE:- 30, 31 JANUARY & 01 FEBRUARY 2026
(FRIDAY, SATURDAY & SUNDAY)
ENLIGHTENING SESSIONS AND LECTURES BY
SCHOLARS AND DIGNITARIES OF ARYA SAMAJ
zoom
Live Telecast on You Tube Channel 'aryayuvakparishad'
YOU ALL ARE CORDIALLY INVITED TO THIS VEDIC EVENT
www.aryayuvakparishad.com
aryayouthgroups@fbgroups
arya yuvak parishad
aryayouthn@gmail.com
@AnilAry32599939
@aryauvakfb
yuva udghosh
dkbhagat@gmail.com
KAYP WELCOMES PARTICIPANTS FROM 16 COUNTRIES
Australia, America, Bangladesh, Canada, Dubai, India, Kenya, Mauritius, New York
New Zealand, Norway, Netherlands, Nepal, Pakistan, South Africa,Sweden Thailand, Uganda
SAMA VEDA
Convener- ANIL ARYA:- 9810117464
ATHARVA VEDA


Swami Shardhanand Balidan Shatabdi
FRIDAY, 30th JANUARY 2026
RASHTRA RAKSHA YAGYA
9:00 AM TO 10:30 AM (IST)
YAGYA BRAHMA:- ACHARYA AKHILESHWAR JI (HARIDWAR)
INTERNATIONAL ARYA WOMEN CONFERENCE
TOPIC:- ROLE OF WOMEN IN UPLIFTMENT OF ARYA SAMAJ
12:30 PM TO 2:30 PM (IST)
CHAIRPERSON
PREM HANS
(ARYA SAMAJ, AUSTRALIA)
SPEAKER
URMIL SACHDEVA
(VEDIC SCHOLAR, NEW ZEALAND)
CHIEF GUEST
DR. ANJU MEHROTRA
(DIRECTOR, KALKA GROUPS OF INSTITUTIONS)
SPEAKER
VIMLESH BANSAL
(VEDIC SCHOLAR, INDIA)
SPEAKER
KAMALESH MONGA
(ARYA SAMAJ, NAIROBI)
GUEST OF HONOUR
ARYA WATTEE BOOLAUKY
(D.D DAV COLLEGE, MAURITIUS)
SPEAKER
RAJNI GARG
(VEDIK SCHOLAR, DELHI)
SPEAKER
KARUNA CHANDNA
(VEDIC SCHOLAR, INDIA)
SPECIAL GUEST
SUSHMA PAHUJA
(ARYA SAMAJ DELHI)
CONVENOR
SHRUTI SETIA
(VEDIC SCHOLAR, INDIA)
DISTINGUISHED GUESTS
SUNITA BUGGA
PRATIBHA KATARIA
KRISHNA PAHUJA
GAYATRI MEENA
URMIL ARYA (Gurugram)
KUSUM BHANDARI
MADHU KHERA
SHAKUNTLA NAGIA
RAJNI CHUGH
CHANDERKANTA GERA
AARTI KHURANA
KRISHNA GANDHI
ASHA BHATNAGAR
VINITA KHANNA
RAJSHREE YADAV
NITASHA KUMAR
POOJA SALUJA
VIMLA AHUJA
SWAR SANGEET :- PRAVEEN ARYA (Pinki), KIRAN SEHGAL, RACHNA VERMA


FRIDAY, 30TH JANUARY 2026
PRAVASI ARYA PARICHAY SAMMELAN
6:00 PM TO 8:00 PM (IST)
SPEAKER
GAVENDER SHASTRI
(DELHI, INDIA)
CHAIR PERSON
VIMAL CHADHA
(ARYA SAMAJ, NAIROBI)
SPECIAL GUEST
DEVENDER NATH PATHAK
( ARYA SAMAJ TANJANIA)
SPECIAL GUEST
ACHARYA NARDEV YAJURVEDI
( VEDIK SCHOLAR NETHERLANDS)
SPECIAL GUEST
HARISH SACHDEVA
(NEW ZEALAND)
SPECIAL GUEST
S.P. SINGH
(ARYA SAMAJ BANGKOK,THAILAND)
GUEST OF HONOUR
ACHARYA SUBHASH SHASTRI
(ARYA SAMAJ BANGLADESH)
WELCOME SPEAKER
DR. RAJINDER SAINI
(CHAIRMAN, ARYA SAMAJ NAIROBI)
DISTINGUISHED SPEAKERS
SPECIAL GUEST
AGNIDEV ARYA
(BANGLADESH)
SINGER
PINKI ARYA
(DELHI, INDIA)
BLESSINGS
DR. GAJRAJ SINGH
(FARIDABAD, INDIA)
BLESSINGS
NARENDERA SUMAN
(DELHI, INDIA)
SPECIAL GUEST
DR. RACHNA CHAWLA
(VEDIC SCHOLAR)
SPECIAL GUEST
SURENDRA PAL
(Councilor (S. Plympton)
Australia
SPECIAL GUEST
DEV MITRA ARYA
(DUBAI)
BLESSING
GOPAL DURGA
(AMERICA)
SPECIAL GUEST
RAVI MOHAN RAI
(DUBAI)
SPECIAL GUEST
RAMCHANDRA ARYA
(ARYA SAMAJ, PAKISTAN)
SPECIAL INVITED
DR. D.K. GARG
KRISHAN DEV KAUTILYA
BHANU PRATAP VEDALANKAR
DR. SUDHIR GUPTA
ANAND SINGH ARYA
YOGIRAJ VISHWAPAL JAYANT
CAPT. ASHOK GULATI
K.L. RANA
MUKESH ABROL
PRAKASHVEER SHASTRI
RAJINDER BEDI (USA)
PREM SACHDEVA
VEDPARKASH ARYA
VIJAY ARYA, MOHALI
DR. RAMCHANDER
(KURUKSHETRA UNIVERSITY)


SATURDAY, 31th JANUARY 2026
RASHTRIYA RAKSHA YAGYA
09:00 AM TO 10:30 AM (IST)
YAGYA BRAHMA:- ACHARYA AKHILESHWAR JI (HARIDWAR)
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्
ओ३म्
बलमुपास्व
SWAMI SHARDHANAND BALIDAN SHATABADI
12:30 PM TO 2:30 PM (IST)
SPECIAL GUEST
PANDIT NANAK CHAND SHANAND
(ARYA SAMAJ, SOUTH AFRICA)
CHIEF GUEST
DR. MADHAV PRASAD UPADHYAY
(PRESIDENT NEPAL ARYA SAMAJ KENDRIYA SABHA)
SPEAKER
ARYA RAVIDEV GUPTA
(VEDIK SCOLAR, DELHI)
BLESSINGS
MAHENDER BHAI
(GEN. SECRETARY KAYP)
CHIEF GUEST
SH. HARIDEV RAM DHONI
(V.P., ARYA SABHA MAURITIUS)
SPECIAL GUEST
SUBHASH BABBAR
(PRESIDENT J&K KAYP)
ENCOURAGEMENT
DHARAMPAL ARYA
(TREASURER KAYP)
SPECIAL GUEST
ANAND SINGH ARYA
(KARNAL, HARYANA)
VOTE OF THANS
DURGESH ARYA
(VICE PRESIDENT, KAYP)
BLESSINGS
SURESH ARYA
(NATIONAL SECRETARY, KAYP)
BLESSINGS
HARSHDEV SHARMA
(NATIONAL SECRETARY, KAYP)
BLESSINGS
RICHA GUPTA
( SECRETARY ARYA YUVTI KAYP)
SPECIAL GUEST
ANIL MITRA
(EX. GEN. SEC. KAYP)
ENCOURAGEMENT
RAM KUMAR SINGH
(PRESIDENT DELHI KAYP)
SPECIAL GUEST
DR. AMARJEET SHASTRI
(NEW YORK)
RASHTRIYA KAVI GOSHTHI
6:00 PM TO 8:00 PM (IST)
PRESIDED BY
OM SAPRA
(EX. METRO POLITON MAGISTRATE)
CONVENOR
PROF. NARENDER AHUJA VIVEK
( PRABHARI HARYANA, KAYP)
CHIEF GUEST
DR. SURESH SUKLA
( NORWAY, INDIA)
SPECIAL GUEST
SMT. URVASHI AGGARWAL (UBI)
Deputy Editor Sahitya Amrit Poet
SPECIAL GUEST
SURESH PANDEY
Senior Poet Sweden
SPECIAL GUEST
ANITA RELAN
ARYA SAMAJ, DELHI

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा 2020 से 756वां वेबिनार सम्पन्न

# AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और अध्यात्म विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

### AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) मानव समाज के लिए उपयोगी है –अतुल सहगल



सोमवार 12 जनवरी 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अध्यात्म विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 756 वाँ वेबीनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने वैश्विक समाज के परिपेक्ष में इस विषय की महत्ता को सामने रखा। आजकल Artificial Intelligence (AI) बहुत गरमाया हुआ और चर्चित विषय है। नई टेक्नोलॉजी के रूप में यह बड़ा महत्वपूर्ण बन चुका है। भारत समेत विश्व के विकसित और अग्रणी देश AI में बड़ा निवेश कर रहे हैं। इसी को भविष्य की प्रोद्योगिकी कहा जा रहा है।इसके उपयोग और प्रयोग आश्चर्य चकित कर देने वाले हैं। यदि मनुष्यों के दैनिक सामान्य कार्य–पढ़ने, लिखने, विचारने, विश्लेषण करने और प्रस्तुत करने के कार्य AI से संचालित यँत्र करने लगेंगे तो फिर मनुष्य क्या करेंगे? अध्यात्म का विषय तो मनुष्य के साथ नित्य ही जुड़ा हुआ है। का अध्यात्म से क्या सम्बन्ध है? हम किस प्रकार। के प्रयोग से अपना आध्यात्मिक स्तर ऊँचा कर सकते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्न उपस्थित हो जाते हैं। इन सबका समाधान आवश्यक है। वक्ता ने इन्हीं बातों को उठाया। उसके बाद वक्ता ने उन क्षेत्रों का उल्लेख किया जहां। AI और टेक्नोलॉजी का मिलाप होता है। वक्ता ने बड़े विस्तार से AI के मानव व समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए उपयोग की चर्चा की। इससे व्यक्तिगत मार्गदर्शन, धर्मग्रंथों का सटीक विश्लेषण, नैतिकता व दर्शन के तथ्यों का स्पष्टीकरण किया जा सकता है। व्यक्तिविशेष हेतु सही और श्रेष्ठ आध्यात्मिक दिनचर्या बनायी जा सकती है। धार्मिक पुस्तकों का अनुवाद अनेक भाषाओं में किया जा सकता है। इसकी सहायता यज्ञकर्मों के संचालन व प्रबंधन में भी ली जा सकती है। परंतु AI की सीमाएँ (limitations) हैं, जिनको समझना होगा। यह केवल एक जड़वत यँत्र है जो चेतना से शून्य है। अतः यह आध्यात्मिक शिक्षक या गुरु का विकल्प कदापि नहीं हो सकता। इसे धर्मग्रन्थ या धर्मपुस्तक का विकल्प ही समझ लें परन्तु यह आर्ष ग्रंथों के विद्वानों का स्थान नहीं ले सकता। वक्ता ने AI के प्रयोग में जोखिम व नैतिक चिंताओं की बात कही। उल्लेखनीय AI उपकरणों का हवाला देते हुए, AI के उपयोग हेतु अनेक सुझाव प्रस्तुत करते हुए अपना वक्तव्य समाप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. गजराज सिंह आर्य व अध्यक्ष ओम सपरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# नववर्ष के नये संकल्प विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

### संकल्प लक्ष्य प्राप्ति में सहायक –आचार्या श्रुति सेतिया




सोमवार 5 जनवरी 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में नववर्ष के नये संकल्प विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह करोना काल से 755 वा वेबिनार था। वैदिक विदुषी श्रुति सेतिया ने कहा कि संकल्प हमारी लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करते हैं। व्यक्ति जब कुछ करने का निश्चय करता है तो उसका दृढ़ संकल्प ही आगे बढ़ने में सहायक होता है।बिना संकल्प लिए कोई कार्य का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।हमें नववर्ष पर कुछ संकल्प लेने चाहिए।कुछ अच्छा करने का ओर कुछ बुरी आदतों को छोड़ने का।मनुष्य जीवन परमात्मा कीअनुपम देन है,जो परमात्मा के अलावा कोई किसी को नहीं दे सकता। ईश्वर द्वारा दिए गए वेद ज्ञान के आधार पर सृष्टि के आरंभ में ही हमारे ऋषि मुनियों ने दैनिक पंच महायज्ञ करने के कर्तव्य निर्धारित किए।हम इन पंच महायज्ञों को करने का संकल्प लें।नए साल पर अधिकांश लोग अपनी दिनचर्या से संबंधित संकल्प भी करते हैं,जैसे मंदिर जाना,सुबह जल्दी उठ कर मार्निंग वॉक पर जाना,धर्म संबंधी पुस्तकें पढ़ना आदि। इन संकल्पों के पीछे यह मूल भावना होती है कि उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़े। वे अधिकांश समय तक स्वस्थ जीवन जी सकें।लेकिन इन सबके लिए खुद को तैयार करना पड़ता है और मन को मजबूत करने की जरूरत पड़ती है।ये संकल्प लक्ष्यों की प्राप्ति को प्राप्त करने की संभावनाओं की प्रत्याशा में उत्साह बढा सकते हैं। हम सत्य को जान कर, धर्म को समझकर,कर्तव्य को स्वीकार करके उसे जीवन में उतारने का दृढ़ निश्चय करें। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, कुसुम भण्डारी, रविन्द्र गुप्ता, कमला हंस, संतोष सचान, सुनीता आहूजा आदि के मधुर भजन हुए।

# क्या मनुष्य का कोई बुरा कर्म ईश्वर से छुप सकता है?

आपका ये जन्म पूर्व जन्म का पुनर्जन्म है। मनुष्य का जन्म इस संसार में अपने पूर्वजन्म व जन्मों के अवशिष्ट कर्मों के फलों को भोगने और नये कर्म करने के लिए आता है। मनुष्य जीवन भर जो अच्छे व बुरे कर्म करता है, उसका लेखा जोखा कौन रखता है? कैसे कर्मों का फल मिलता है और कैसे हमारी अगले जन्म की योनि निर्धारित होती है? यह कुछ ऐसे प्रश्न हैं, जिन पर प्रत्येक मनुष्य को विचार करना चाहिये और निर्णय करने का प्रयास करना चाहिये। इसलिएव सभी को मानव जीवन पद्धति और कर्म फल सिद्धान्त को जानने के लिए दर्शन व मनुस्मृति सहित ऋषियों व उच्च कोटि के आर्य विद्वानों के ग्रन्थों को पढ़ना चाहिये।

हमें वर्तमान में जो मनुष्य जीवन मिला है, उसका कारण हमारे पूर्व जन्म के कर्म ही है। हमारा रूप, रंग, आकृति, कद, काठी, माता, पिता व सामाजिक वातावरण आदि मुख्यतः हमारे पूर्वजन्म के कर्मों के आधार पर ही तय होता है। परमात्मा के अलावा कोई ऐसी सत्ता है ही नहीं, जो यह कार्य करे। अतः यह सत्य सिद्धान्त है कि ईश्वर ही हमारे वर्तमान जीवन का कारण है और वही हमारे भविष्य के जीवन व पूर्वजन्मों का भी निमित्त कारण होगा। पूर्व जन्म के कर्मों के आधार पर आयु, जाति ओव भोग तय होते हैं। आयु का तात्पर्य शरीर की प्रकृति, रूप रंग, स्वास्थ्य से भी हैं। कुछ बीमारियां जीवन पर्यन्त लगी रहती हैं लेकिन उपयुक्त चिकित्सा, प्राणायाम, व्यायाम, परहेज आदि से इनमें सुधार किया जा सकता है। दूसरा है जाति,इसको नहीं बदल सकते। जाति से तात्पर्य है मानव जाति और लिंग। लिंग परिवर्तन अभी तक छलावा सिद्ध हुआ है। तीसरा है भोग, यानी जन्म के समय मिलने वाले माता पिता, जन्म स्थान, परिवार की स्थिति ,समाज आदि इसमें आंशिक परिवर्तन संभव है। पिछले जन्म के कर्म मनुष्य को याद नहीं रहते। मनुष्य जो अच्छे बुरे कर्म करता है वह समय के साथ भूलता जाता है। प्रश्न है कि ऐसी कौन सी सत्ता व व्यवस्था है जो सभी प्राणियों के कर्मों को याद रख सकती है। इसका उत्तर यह है कि जीवात्माओं के अलावा अन्य चेतन सत्ता केवल एक ईश्वर ही है जो सच्चिदानन्दस्वरुप, निराकार, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ व सृष्टिकर्ता आदि है।

**(शेष अगले अंक में)**

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिंटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो.: 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970